## Regarding establishing of Dhalbhoomgarh airport

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**):** महोदय, मेरे जमशेदपुर लोक सभा क्षेत्र का एक अति महत्वपूर्ण मुद्दा है, जो हमारे धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के बारे में है । मैं उस मुद्दे को आपके समक्ष रखना चाहता हूं । विगत कई वर्षों से लगातार उड़ान स्कीम है, लेकिन बीच में राज्य सरकार ने इसको ऐलीवेटेड कॉरीडोर घोषणा के चलते उस प्रोग्राम को कैंसिल कर दिया गया था, लेकिन बाद में पता चला कि कोई ऐलीवेटेड कॉरीडोर नहीं है । अभी राज्य सरकार ने यह भी स्वीकार किया है कि इससे उपयुक्त जगह नहीं मिलेगी । राज्य सरकार ने अभी तक फॉरेस्ट एन्वायरनमेंट क्लीयरेंस भारत सरकार को नहीं भेजा है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि राज्य सरकार से तत्कालीन बात करके फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट मंगाया जाए और उस काम को तत्काल शुरू किया जाए ।